भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

29.11.2023 - पैनइंडिया

भारतीय जीवन बीमा निगम की नई योजना "एलआईसी जीवन उत्सव (योजना संख्या 871)" का शुभारंभ

हमारी बाजार चर्चा के अनुरूप, भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष, श्री सिद्धार्थ महान्ति ने एक नई योजना, एलआईसी की "जीवन उत्सव योजना" का शुभारंभ किया यह योजना दिनांक 29.11.2023 से प्रभावी हुई। एलआईसी की "जीवन उत्सव योजना" व्यक्तिगत, बचत, संपूर्ण जीवन बीमा योजना है। यह एक सीमित प्रीमियम योजना है जिसमें प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान गारंटीकृत अतिरिक्त लाभ शामिल हैं। एलआईसी की जीवन उत्सव योजना के लिए विशिष्ट पहचान संख्या (यूआईएन) 512N363V01 है।

- यह योजना 90 दिन से लेकर 65 साल तक की उम्र के लिए उपलब्ध है।
- यह जीवन भर आय और जीवन भर जोखिम कवर की गारंटी देता है।
- न्यूनतम प्रीमियम भुगतान अवधि 5 वर्ष है और अधिकतम प्रीमियम भुगतान अवधि 16 वर्ष है
- प्रत्येक पॉलिसी वर्ष के लिए जिसके लिए प्रीमियम का भुगतान किया जाता है, गारंटीकृत अतिरिक्त लाभ जो 40 रु प्रति हजार मूल बीमा राशि है, प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान प्रत्येक पॉलिसी वर्ष के अंत में अर्जित होगा।
- बीमित व्यक्ति के जीवित रहने पर और सभी देय प्रीमियम का भुगतान कर दिया गया हो , तब सीमित प्रीमियम अवधि और चयनित विकल्प के आधार पर :--

विकल्प I - रेग्युलर इनकम बेनिफिट - जो मूल बीमा राशि का 10% है, प्रत्येक पॉलिसी वर्ष के अंत में देय होता है, जो कि आस्थगन अवधि के 3 से 6 वर्षों के बाद शुरू होता है।

विकल्प II - फ्लेक्सी इनकम बेनिफिट - पॉलिसीधारक फ्लेक्सी इनकम बेनिफिट का विकल्प चुन सकता है जिसके तहत देय मूल बीमा राशि का 10% पॉलिसी के नियमों और शर्तों के अधीन जमा किया जा सकता है और बाद में निकाला जा सकता है। एलआईसी ऐसे आस्थगित फ्लेक्सी आय भुगतानों पर 5.5% प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करेगा, जो वार्षिक रूप से संयोजित होगा।

चूँकि पॉलिसीधारक को पूरे जीवन के लिए जीवन कवर दिया जा रहा है, मृत्यु लाभ निम्नानुसार देय होगा :

- जोखिम शुरू होने की तारीख के बाद बीमित व्यक्ति की मृत्यु पर, अर्जित गारंटीकृत अतिरिक्त लाभ के साथ "मृत्यु पर बीमा राशि" के बराबर मृत्यु लाभ देय होगा, बशर्ते पॉलिसी चालू हो। यह मृत्यु लाभ मृत्यु की तारीख तक भुगतान किए गए कुल प्रीमियम का 105% से कम नहीं होगा। "मृत्यु पर बीमा राशि" 'मूल बीमा राशि' या 'वार्षिक प्रीमियम का 7 गुना, जो भी अधिक हो' है
- इस योजना के तहत परिपक्वता लाभ उपलब्ध नहीं है क्योंकि रेग्युलर /फ्लेक्सी आय लाभ चुने गए विकल्प के अनुसार जीवन भर जारी रहता है।
- ऋण के माध्यम से अतिरिक्त तरलता उपलब्ध होती है
- आकर्षक उच्च बीमा राशि पर छूट उपलब्ध है।
- यह उत्पाद कम और लचीली प्रीमियम भुगतान अवधि की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करता है।
- इस योजना के तहत पांच वैकल्पिक राइडर्स उपलब्ध हैं। पॉलिसीधारक या तो एलआईसी के दुर्घटना मृत्यु और विकलांगता लाभ राइडर या एलआईसी के दुर्घटना लाभ राइडर और/या शेष तीन राइडर्स का विकल्प चुन सकता है, यानी एलआईसी का नया टर्म एश्योरेंस राइडर, एलआईसी का नया गंभीर बीमारी लाभ राइडर और एलआईसी का प्रीमियम छूट लाभ राइडर। यह राइडर अनिरिक्त प्रियीयम का भुगतान और पात्रता शर्तों के अधीन उपलब्ध है।
- यह योजना एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग योजना है।

कृपया विवरण के लिए पूर्ण उत्पाद प्रॉस्पेक्टस और बिक्री विवरणिका देखें या हमारी वेबसाइट www.licindia.in पर जाएं।

इस योजना को लाइसेंस प्राप्त एजेंटों, कॉर्पोरेट एजेंटों, दलालों, बीमा विपणन फर्मों के माध्यम से ऑफ़लाइन और साथ ही हमारी वेबसाइट www.licindia.in के माध्यम से सीधे ऑनलाइन खरीदा जा सकता है।

29 नवंबर 2023 को मुम्बई में दिनांकित ।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (नि.सं) भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई । ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com
www.licindia.in पर हमसे मिलें

हमारा मानना है कि इस विज्ञप्ति में शामिल समाचार आपके पाठकों के लिए उपयोगी हैं। हालाँकि हम इसे यथाशीघ्र प्रकाशित करने के लिए आपको धन्यवाद देंगे, हम यह भी स्वीकार करते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आप पर निर्भर है।